दैनिक जागरण 25/09/2025

# स्वैच्छिक दान सामाजिक मूल्य को सशक्त करता है : रोहित




जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी। ● विज्ञप्ति

अंबाला (विज्ञप्ति) : जीएमएन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर वस्त्र और पुस्तक दान अभियान का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर कालेज प्रांगण में विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों एवं जिले के नागरिकों ने पुराने लेकिन उपयोगी वस्त्र, किताबें, स्टेशनरी और अन्य शैक्षिक सामग्री दान किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि स्वैच्छिक दान अभियान हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता का प्रतीक है। अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से युवाओं में साइबर सुरक्षा फार टीन्स और भारत की अर्थव्यवस्था विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। आइएसएसी फाउंडेशन के साइबर क्राइम इंटरवेंशन आफिसर डा. गौरव खन्ना ने साइबर सुरक्षा से जुड़े समकालीन मुद्दों तथा उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों पर विद्यार्थियों को मूल्यवान जानकारी प्रदान की।